तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

12 बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने पर फोकस, सॉफ्ट...



14 फूलों की होली खेलकर महिलाओं ने मनायी...



## सड़क पर कोयला भरा ट्रेलर पलटा, घंटों यातायात रहा बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

बलौदाबाजार की ओर जा रहा कोयले से लदा एक तेज रफ्तार ट्रेलर भाटापारा तहसील ऑफिस के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में किसी तरह की जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन कोयले से लदा भारी ट्रेलर के पलटने से सड़क पर कोयले का ढेर लग गया, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेलर तेज गति से चल रहा था, तभी अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रेलर सड़क किनारे पलट गया। भारी मात्रा में कोयला सड़क पर बिखर जाने से यातायात बाधित हो गया,

### पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ट्रेलर को हटाने की प्रक्रिया शुरू की



फाईल फोटो

### यातायात हुआ प्रभावित, वाहन चालकों को हो रही परेशानी

कोयले के बिखरने और ट्रेलर के पलटने के कारण सड़क पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया है। मौके पर मौजूद लोग और वाहन चालक भारी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग से यातायात को सुचारू करने की सलाह दी है।

### पुलिस और प्रशासन मौके पर तैनात

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रेलर को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। प्रशासन द्वारा सड़क को जल्दी साफ करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि यातायात सामान्य किया जा सके।

फिलहाल पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम ट्रेलर को हटाने और यातायात बहाल करने में जुटी है। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन ट्रेलर के पलटने से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### अर्जुनी में अखंड नवधा रामायण प्रारंभ

**अर्जुनी।** ग्राम अर्जुनी के गांधी चौक में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 19 मार्च से प्रारंभ हो गया है, जो 28 मार्च को सहस्त्र धारा के साथ समापन होगा। अखंड नवधा रामायण में प्रत्येक मानस मंडली को 501 रुपए प्रोत्साहन राशि और श्रीफल दिया जाएगा। साथ ही संगीतमय राम कथा मानसगान होगा। 20 मार्च को संगम मानस परिवार मंगला ने अपनी प्रस्तुति दी। 21 मार्च जय मां सरस्वती मानस परिवार धनसूली, 22 मार्च सुरमई मानस परिवार जुड़ा एवं सत्संग बालिका मानस परिवार नवागढ़, 23 मार्च तुलसी के अचरा मानस परिवार खपरी और श्रद्धा मानस परिवार सीतापार, 24 मार्च सुर सिंगार मानस परिवार गिर्रा, 25 मार्च सुरगंगा मानस परिवार मचहा, 26 मार्च सत्संग मानस परिवार लेवई व बालिका मानस परिवार गुड़ाघाट, 27 मार्च ज्योति मानस परिवार टोनाटार एवं 28 मार्च को शिवशक्ति मानस परिवार अमलीडीह प्रस्तुति देंगे।

### पचरी में अखंड रामनाम सप्ताह प्रारंभ

**पवनी।** ग्राम पंचायत पचरी में इस वर्ष भी सात दिवसीय अखंड रामनाम सप्ताह प्रारंभ हुआ। ग्रामवासी गोवर्धन साहू ने बताया कि यह रामनाम सप्ताह यज्ञ इस वर्ष 80वां वर्ष है, जो लगातार आजादी पहले से चली आ रही और यह रामनाम सप्ताह छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध है इस यज्ञ का आयोजन गांव एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना के लिए प्रतिवर्ष होली के बाद किया जाता है। इस रामनाम सप्ताह में बाहर से आने वाले प्रत्येक कीर्तन मंडली को दूरी के हिसाब से डीजल खर्चा एवं प्रतिदिन प्रत्येक कीर्तन मंडली को एक हजार रुपये सप्रेम भेंट दिया जाएगा।

### महुआ बीनने गए महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महुआ बीनने गई ग्राम डूमरपाली की एक महिला के साथ मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि डोलेंद्री राणा पति विजय राणा (25 वर्ष) निवासी डुमरपाली (गिरना) 17 मार्च को सुबह 6 बजे अपने खेत में महुआ बीनने अपनी अंबिका राणा के साथ गई थी। इसी दौरान गिरना का दिलेश विशाल उर्फ मुन्ना आया और हमारे महुआ को क्यों बीन रहे हो कहकर गाली देते हुए मारपीट करने लगा।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम जटाकन्हार में आरोपी उदेराम भारती पिता साखीदास भारती (37 साल) के घर से 4 लीटर हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब कीमती 800 रुपए जब्त किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### एक्सीडेंट में युवक का पैर टूटा

**महासमुंद।** बाइक से जा रहे युवक को कार ने ठोकर दी, जिससे उसका पैर टूट गया। मामला सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम संतपाली के पुराईन तालाब के पास का है। पुलिस ने बताया कि संतपाली का मन्नू लाल जगत 18 मार्च को सुबह 8 बजे अपने मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी 06 एचए 7061 से ग्राम चांदन जा रहा था। ग्राम संतपाली के पुराईन तालाब के पास पहुंचने पर कार क्रमांक सीजी 04 केडब्लू 7723 के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से एक्सीडेंट कर दिया है। एक्सीडेंट से मन्नूलाल का दांया पैर टूट गया। जिसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सरायपाली में दाखिल कराया गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 125(ए), 125(बी), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### रिफलिंग कार्य में घट सकती है बड़ी दुर्घटना, बड़े पैमाने पर चल रहा कारोबार

## एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग उजागर, कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में घरेलू रसोई गैस सिलेन्डर का बड़े पैमाने पर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक कार्यों के लिए इस्तेमाल होने के अलावा अवैध तरीके से अन्य सिलेन्डर में रिफिलिंग किया जा रहा है। इसके चलते बलौदाबाजार शहर में कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना है। इस बारे में ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के जनसंपर्क अधिकारी सत्य प्रकाश साहू द्वारा जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक एवं जिला खाद्य अधिकारी को पत्र प्रेषित कर तुरंत कार्रवाई किये जाने की मांग की गई है।

गुरूवार को आयोजित प्रेसवार्ता में उपस्थित ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय कार्यकारी संचालक शुभम रंगारी व यश देशपाण्डे ने घरेलू रसोई गैस सिलेन्डर के उपभोक्ताओं के अधिकारों से अवगत कराने के साथ घरेलू गैस सिलेन्डर की कालाबाजारी कर जीएसटी की चोरी से प्रति वर्ष शासन को करोड़ों रूपये की राजस्व क्षति पहुंच रही है। 14.2 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर पर सरकार सिर्फ 5 फीसदी जीएसटी लगाती है, जबकि 16 किलो और 5 किलो के कमर्शियल गैस सिलेंडर पर 18 फीसदी जीएसटी लगाती है। इसके अलावा ऑटो एलपीजी यानी गाड़ियों में इस्तेमाल होने वाली एलपीजी पर भी 18 फीसदी जीएसटी लगती है। वहीं रसोई गैस की दूसरे सिलेन्डर में अवैध तरीके से रिफिलिंग करने से सिलेन्डर में लगे नोजल की पीन खराब होने से होने वाले गैस रिसाव से ब्लास्ट का खतरा, घातक हो सकता हैं।

### ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन का दावा, 60 प्रतिशत घरेलू सिलेंडर का अवैध इस्तेमाल






### घरेलू गैस सिलेंडर में क्यूआर कोड ट्रैकिंग प्रारंभ करने की मांग

श्री रंगारी ने कहा कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का बड़े स्तर पर अवैध इस्तेमाल किया जा रहा है, जो ग्राहक निर्धारित गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं कर पाते, उनके शेष सिलेंडरों की कालाबाजारी हो रही है। इसकी अवैध बिक्री रोकने से जीएसटी राजस्व में बढ़ोतरी हो सकती है।

### 60 फीसदी घरेलू सिलेंडरों का हो रहा व्यावसायिक इस्तेमाल

श्री रंगारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर एक बेहद सुरक्षित और गैर प्रदूषणकारी ईंधन है। वर्तमान समय में देश में 75 प्रतिशत नागरिक इसका उपयोग घरेलू उपयोग के लिए कर रहे हैं। 60 प्रतिशत घरेलू सिलेंडरों का उपयोग अवैध रूप से व्यावसायिक स्थानों पर किया जा रहा है। इनमें 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडरों का उपयोग 35 प्रतिशत है, जबकि 16 किलोग्राम या अन्य व्यवसायिक सिलेंडरों के मामले में 25 प्रतिशत कच्चे बिल का उपयोग खतरनाक तरीके से किया जा रहा है।

### क्यूआर कोड से करें ट्रैकिंग

कमर्शियल सिलेंडर महंगे होते जा रहे हैं और कमर्शियल लोग घरेलू गैस सिलेंडर का चोरी छिपे इस्तेमाल करते हैं। प्रशासन भी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर में क्यूआर कोड से ट्रैकिंग प्रारंभ करने की मांग उठाई, ताकि घरेलू सिलेंडर के अवैध इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सके। इस प्रेस वार्ता में शुभम रंगारी, यश देशपांडे, सत्यप्रकाश साहू उपस्थित थे।

### उज्ज्वला लाभार्थी पूरे 12 सिलेंडर नहीं ले रहे

श्री रंगारी ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 2014 से अब तक लगभग 6.58 करोड़ लोगों को 100 रुपये शुल्क के साथ एलपीजी सिलेंडर दिया गया है और एलपीजी सिलेंडर की खरीद पर भारी छूट भी दी जा रही है, लेकिन अक्सर देखा जा रहा है कि उज्ज्वला लाभार्थी पूरे 12 सिलेंडर नहीं ले रहे हैं। वितरक इसका दुरुपयोग कर रहे हैं और अनुचित लाभ उठा रहे हैं।

## बाइक चोरों का अंतरजिला गिरोह फूटा, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

साइबर सेल बलौदाबाजार एवं थाना राजादेवरी की पुलिस टीम द्वारा गुरूवार को मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक चोर गिरोह का भांडाफोड़ किया है। मामले में पुलिस टीम ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपियों से चोरी का कुल 16 मोटरसायकिल बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपियों द्वारा जिला बलौदाबाजार सहित जिला रायपुर, महासमुंद, धमतरी के विभिन्न स्थानों से सिलसिलेवार मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध थाना राजादेवरी में धारा 331(4), 305 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की, जिसमें यह बात सामने आई कि– तीनों आरोपी एक शातिर गिरोह की तरह काम करते थे, जिसमें मोटरसाइकिल चोरी कर उसे पहले छिपाकर रख देते थे तथा ग्राहक मिलने पर उसे कम दाम में बेच देते थे। आरोपी मोटरसाइकिल चोरी कर उसे कम दाम में बेचने के लिए, ग्राम रीकोकला में छिपा कर रख देते थे। बाद में खरीददार मिलने पर मोटरसाइकिल को निकाल कर बेच देते थे।

- चोरी की 16 बाइक बरामद, आरोपी चोरी कर कम दाम में बेच देते थे

आरोपी खिरोद डडसेना रोजी मजदूरी एवं बोरवेल का काम करता है तथा चोरी की मोटरसाइकिल को अपने घर ग्राम रीकोकला में छुपा कर रखता था। इसी प्रकार आरोपी कीर्तन डडसेना रायपुर मोती नगर में इलेक्ट्रॉनिक शॉप एवं रिपेयरिंग का दुकान खोल कर रखा है तथा खिरोद डडसेना एवं ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पेय पदार्थों का लिया सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में गर्मी सीजन में बिकने वाले खाद्य पदार्थ जांच खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा की गई। इस दौरान पेय पदार्थों के गुणवत्ता हेतु सैंपल लिया गया और कमियों को दूर करने नोटिस दिया गया। टीम द्वारा भाटापारा के श्री साईं सेल्स से हिंद पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर और ब्ल्यू पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की गुणवत्ता एवं लेबल जांच हेतु खाद्य नमूना का लिया गया। इसी तरह मेसर्स अवधेश गुप्ता पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्लांट का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने नोटिस दिए। खाद्य नमूना को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा एवं वहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### राजनीतिक दलों की बैठक आज

बलौदाबाजार। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में 21 मार्च को सुबह 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझाव साझा किए जायेंगे, जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन सम्पन्न कराया जा सके। समय–समय पर स्वंतत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर राजनीतिक दलों के सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

## सरकारी नल में टुल्लू पंप लगाया तो लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

ग्राम पंचायत अर्जुनी में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें नल जल योजना के तहत लगे हुए नल में किसी भी प्रकार के छोटे बड़े टुल्लू पंप मोटर नहीं लगाने एवं जो लगाए हुए हैं उन व्यक्तियों को टुल्लू पंप हटाने की हिदायत दी। ग्राम पंचायत द्वारा बहुत ही नेक एवं अच्छे कार्य की सभी ग्रामवासी प्रशंसा कर रहे हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि पूरे गांव में नल जल योजना के तहत घर–घर नल लगा हुआ है, लेकिन आधे घरों में अभी भी पानी की टंकी का जल सप्लाई नहीं हो पा रहा है। केवल कुछ व्यक्तियों द्वारा नल में मोटर पंप बैठाकर मोटरसाइकिल कार आदि की वासिंग किया जा रहा है, इससे कई ग्रामवासी ने इसकी शिकायत पंचायत में की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बता दें कि पंचायत निर्वाचन के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा ग्रामहित में यह प्रथम प्रस्ताव पर मुहर लगी है। इस पहल की ग्रामीणों ने प्रशंसा की है।

- आम लोगों को परेशानियों से निजात दिलाने पंचायत ने लिया फैसला

### एक हजार का जुर्माना व नल कनेक्शन काटने का प्रावधान

इसके बाद भी जो व्यक्ति नहीं मानते, पंचायत व्यवस्था को धता बताते हुए नियम का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर, उनके खिलाफ पंचायत द्वारा एक हजार का जुर्माना व नल कनेक्शन काटने की बात कही गई है। इतना ही नहीं उक्त पंप को पंचायत द्वारा जब्त किया जाएगा। इसके लिए दो व्यक्ति को निगरानी के लिए नियुक्त किया गया है, जिसमें अजर दास मानिकपुरी और शांति मानिकपुरी द्वारा गांव में अवैध रूप से चल रहे मोटर पंप को जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### नपं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने पहली बैठक में लिया निर्णय

## जुआ-सट्टा व शराब की अवैध बिक्री पर लगेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

नगर पंचायत पवनी में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों की पहली बैठक हुई, जिसमें नगर पंचायत में अवैध शराब की बिक्री के साथ जुआ, सट्टा और नशीली दवाइयां का मुद्दा छाया रहा और पहले प्रस्ताव में अवैध शराब की बिक्री के साथ जुआ, सट्टा और नशीली दवाइयों को प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद नगर में अवैध गतिविधियों पर संलिप्त रहने वाले लोगों को नगर पंचायत में बुलाकर जनप्रतिनिधियों ने समझाइश दी और अवैध शराब की बिक्री, जुआ, सट्टा और नशीली दवाइयों की बिक्री पर निगरानी भी की जाने का निर्णय लिया। सभी जनप्रतिनिधि एक साथ मिलकर नगर विकास को प्राथमिकता देंगे। इस बैठक में उप अभियंता विजेंद्र गुप्ता, लेखापाल मणिशंकर साहू समेत अन्य नगर पंचायत के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




### 10 करोड़ 8 लाख का अनुमानित बजट स्वीकृत

नगर पंचायत पवनी में पहली बार नगरीय निकाय का चुनाव हुआ है, इससे पहले नगर पंचायत पवनी ग्राम पंचायत के रूप में जाना जा रहा था। नगरीय निकाय चुनाव के बाद पहली बार 2025–26 का बजट यहां स्वीकृत हुआ, लेखापाल मणि शंकर साहू ने विभिन्न योजनाओं के तहत करीब 10 करोड़ 8 लाख रुपए का बजट की जानकारी दी जिसे परिषद ने अपनी मंजूरी दी है ।

### नगर विकास के लिए बनाया गया अनुमानित बजट

नगर पंचायत परिषद की पहली बैठक में सबसे पहले नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने नगर पंचायत पवनी के मुख्य नगर पंचायत अधिकारी मजीद खान की उपस्थिति में अपने अपने वार्ड और नगर में विकास कार्यों के बारे में चर्चा की, जिसमें सबसे पहले नगर पंचायत भवन का निर्माण, गार्डन का निर्माण, मिनी बस स्टैंड का निर्माण, कांप्लेक्स का निर्माण समेत सभी वार्डों में अन्य का निर्माण कार्यों के संदर्भ में चर्चा की गई, जिसे परिषद में स्वीकृति मिली। सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि नगर विकास के लिए सभी प्रतिबद्ध है।

## विधायक संदीप ने विधानसभा में युवा बेरोजगारों का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जिले के स्थानीय लोगों की नौकरी को लेकर कसडोल विधायक संदीप साहू ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से बलौदाबाजार जिले में सीमेंट संयंत्र प्रबंधन द्वारा रोजगार में स्थानीय बेरोजगार युवाओं की बजाय बाहरी लोगों को प्राथमिकता दिये जाने की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए प्लेसमेंट ट्रैकिंग की मांग रखी। जिस पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि उद्योगों में प्रबंधकीय स्तर के साथ अर्ध कुशल और अकुशल स्तर पर स्थानीय को रोजगार के लिए मापदंड तय हैं। यदि इसका पालन नहीं किया जा रहा है और शिकायत है तो भौतिक सत्यापन करा लेंगे।



विधायक साहू ने ध्यान आकर्षण सूचना के माध्यम से सदन में बलौदाबाजार जिला के सीमेंट संयंत्रों व अन्य उद्योगों में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने में उपेक्षा किये जाने की बात कहते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के तहत उच्च शिक्षित डिग्री और डिप्लोमाधारी युवा बेरोजगारों को स्थानीय उद्योगों में रोजगार नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नौकरी में रखने के दो माह बाद युवाओं को निकाल दिया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय में बजट का दुरुपयोग कर प्लेसमेंट का आयोजन कर सिर्फ खानापूर्ति ही की गई है। सदन में बहस के दौरान कांग्रेस विधायक संदीप साहू ने मांग उठाई कि रोजगार के बाद प्लेसमेंट ट्रेकिंग भी होनी चाहिए। जवाब में डिप्टी सीएम विजय शर्मा ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### अंतरिक्ष यात्री सुनीता को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारतीय मूल की प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को उनके ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन की सफल समाप्ति और पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा, यह असाधारण अभियान सुनीता विलियम्स के धैर्य, साहस और विज्ञान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की अद्भुत मिसाल है, जो पूरे विश्व के लिए प्रेरणादायी है। नभ के पार गई नारी ने धैर्य को अपना हथियार बनाया और साहस, संकल्प एवं स्वाभिमान से नव इतिहास रच दिया।

### ललित जैसिंघ नहीं लड़ेंगे चुनाव थौरानी को दिया समर्थन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन फार्म लेने के अंतिम दिन तक 105 नामांकन फार्म बिके हैं। अध्यक्ष पद के लिए 3, महामंत्री पद के लिए 2 और कोषाध्यक्ष के लिए 2, जिला उपाध्यक्ष के लिए 51 और जिला महामंत्री के लिए 47 फार्म लिये गये। चैंबर ऑफ कामर्स के चुनाव में एक बात आज देखने को मिली 24 घंटे पहले प्रदेश अध्यक्ष पद का चुनाव के लिए नामांकन फार्म खरीदने वाले ललित जैसिंघ ने अपना समर्थन संयुक्त पैनल के प्रत्याशी सतीश थौरानी को दे दिया। सूत्रों के मुताबिक वे अब अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे।

### उरकुरा मे श्रीमद भागवत कथा शुरू



**रायपुर ।** उरकुरा भवानी शंकर मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजक सर्व विंध्य समाज द्वारा किया जा रहा है जिसमें आयोजकों ने बताया कि यह कथा 18 मार्च से 25 मार्च तक चलेगी, जिसमें कथा शुरू होने से पहले भव्य कलश यात्रा के साथ बड़ी शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। यह शोभा यात्रा हर्षित विहार उरकुरा से बाजार चौक शीतला मंदिर से होते हुए कथा स्थल में स्थापना की गई इस कथा की व्याख्या रामललाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से की जा रही है कथा के पश्चात महाराज ने जगत जननी मां बंजारी से आशीर्वाद लेने पहुंचे।

### गुढ़ियारी थाना प्रभारी का किया सम्मान



**रायपुर।** होली में शांति व्यवस्था बनाने के लिए पत्रकार साथियों द्वारा बुधवार को गुढ़ियारी थाना के प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा एवं पूरे टीम का सम्मान किया गया। इसी दौरान पत्रकारों ने बताया कि गुढ़ियारी क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, थाना प्रभारी द्वारा रोजाना गुढ़ियारी क्षेत्र में बाइक पेट्रोलिंग करके आडे बाजी, नशाखोरी को रोका जा रहा है, जिसके कारण गुढ़ियारी थाना में पत्रकार साथियों द्वारा थाना प्रभारी का सम्मान किया गया।

### मनिंदर और गौरव सीएस वेतनमान में पदोन्नत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कैडर के 1995 बैच के आईएएस अधिकारी मनिंदर कौर द्विवेदी और गौरव द्विवेदी के सेवा के 30 साल पूरा होने पर छानबीन समिति ने अपेक्स वेतनमान लेवल - 17 में 1 जनवरी से प्रोफार्मा पदोन्नति दे दी है। डीओपीटी विभाग ने 27 दिसंबर को जारी पत्र द्वारा मुख्य सचिव वेतनमान में पदोन्नति हेतु 1 रिक्ति का निर्धारण किया गया है।

# बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने पर फोकस, सॉफ्ट कॉपी से पहले प्रिंटेड किताबें ताकि ना हो पायरेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के सीबीएसई से संबंद्ध विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नई किताबों से छात्रों को अध्ययन कराया जाएगा। एनसीईआरटी ने सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 4, 5, 7 और 8 के लिए नई पाठ्य पुस्तकों की घोषणा की है। नवीन पाठ्य पुस्तकों के जरिए बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने पर ज्यादा फोकस किया जाएगा।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा इन नवीन पाठ्यपुस्तकों का निर्माण कार्य बीते वर्ष ही प्रारंभ कर दिया गया था। एनसीईआरटी के अनुसार, इन पुस्तकों का उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा में सुधार और समानता लाना है। एनसीईआरटी ने न्यू सेशन में आने वाली नई किताबों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। बाल वाटिका के साथ-साथ क्लास 1, 2, 3 और 6 की नई किताबें पिछले सेशन में ही आ चुकी हैं। सेशन 2025-26 में चार और क्लासेज की नई किताबें तैयार की गई हैं। स्कूलों को अब नई किताबों से ही अध्यापन कार्य कराना होगा। सत्र प्रारंभ होने से पूर्व ही ये छात्रों को उपलब्ध करवा दी जाएंगी।

### शैक्षणिक सत्र 2025-26 में चार कक्षाओं के लिए नई पाठ्य पुस्तकें

#### शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स

सीबीएसई की ओर से कहा गया है कि कक्षा 5वीं, 7वीं और 8वीं की नई किताबें लागू करने से पहले एक अप्रैल से ब्रिज कोर्स जरूर करवाया जाए, जिससे नए कोर्स की पढ़ाई में किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। स्कूल टाइमटेबल इस तरह से तैयार हो कि आर्ट्स, फिजिकल एजूकेशन, वोकेशनल एजूकेशन जैसे विषयों को दूसरे विषयों के साथ जोड़ा जाए। 5वीं और 6वीं कक्षा के लिए 30 दिनों का ब्रिज कोर्स होगा। 8वीं के लिए 45 दिनों का कोर्स होगा। नई किताबों में कंटेंट कम किया गया है, एक्टिविटीज बढ़ाई गई हैं। किताबों में प्रेजेंटेशन इस तरह का है कि छात्र आसानी से विषय को समझ सकें।



फाइल फोटो

#### निजी प्रकाशक कर रहे कॉपी

इस बार पायरेसी की समस्या से निपटने के लिए एनसीईआरटी ने तय किया है कि सॉफ्ट कॉपी से पहले ही प्रिंटेड किताबें जारी हो जाएंगी। जिससे कोई इनकी नकल न कर सके। बीते सत्रों में एनसीईआरटी द्वारा पहले सॉफ्ट कॉपी जारी कर दी गई थी। कई निजी प्रकाशकों ने इसे कॉपी कर अपने प्रकाशन तले अधिक कीमतों में इसे मार्केट में उतारा। इसे देखते हुए एनसीईआरटी द्वारा इस बार पहले प्रिंटेड कॉपी बाजार में उतारी जाएगी, इसके बाद सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी।

## एक एमएल इथोर्फीन से 30 हजार लोगों की मौतें हो सकती है

# जंगल सफारी में मार्फीन से तीन हजार गुना ज्यादा घातक इथोर्फीन के स्टॉक में हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बारनवापारा से गुरु घासीदास नेशनल पार्क शिफ्ट किए जा रहे बायसन की एक्सपायरी डॉट से मौत का मामला सुलझा ही नहीं है। सफारी के डॉक्टर राकेश वर्मा के खिलाफ मार्फीन से तीन हजार गुना ज्यादा घातक इथोर्फीन के लाइसेंस नियमों के विपरीत इस्तेमाल करने के साथ ही स्टॉक में गड़बड़ी करने के आरोप लग रहे हैं। इस बात की शिकायत पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ के पास की गई है।

इथोर्फीन का इस्तेमाल हाथी, वनभैंसा जैसे बड़े वन्यजीवों को बेहोश करने के लिए किया जाता है। हाथी तथा वनभैंसा को बेहोश करने इथोर्फीन की महज 1.3 तथा 0.8 मिलीलीटर दवा का इस्तेमाल किया जाता है। इथोर्फीन मादक-द्रव्यों एवं मनोउत्तेजक पदार्थ अधिनियम के तहत अधिसूचित ड्रग है और बिना लाइसेंस के इसे प्राप्त कर उपयोग करना और लाइसेंस होने पर शर्तों का पालन नहीं करना अपराध की श्रेणी में आता है। इसके बारे में कहा जाता है कि इसे सूंघने से या चमड़ी पर गिरने से भी मानव की मौत हो सकती है। यह दवा अफ्रीका से आयत की जाती है।

#### इस तरह स्टॉक में गड़बड़ी के आरोप

इथोर्फीन का लाइसेंस जंगल सफारी के डायरेक्टर के नाम है। लाइसेंस शर्तों के अनुसार इथोर्फीन का उपयोग जंगल सफारी में करना था। इसके साथ ही उक्त दवा के उपयोग करने के लिए डॉक्टर को लिखित में प्रिसक्रिप्सन सफारी के डायरेक्टर को देना होता है। प्रिसक्रिप्सन को सफारी के डायरेक्टर को अपने रिकार्ड में रखना होता है। डॉक्टर पर आरोप है कि उसने सफारी के डायरेक्टर को बगैर प्रिसक्रिप्सन के इथोर्फीन जंगल सफारी से बाहर मानस नेशनल पार्क में तथा बायसन को बेहोश करने साथ ले गया।

### इथोर्फीन इस्तेमाल करने लाइसेंस का गलत इस्तेमाल करने का आरोप

#### ड्रग कंट्रोलर को क्वार्टरली रिपोर्ट

इथोर्फीन सहित अन्य घातक दवाओं की ड्रग कंट्रोलर को क्वार्टरली रिपोर्ट देने का नियम है। इथोर्फीन सहित अन्य घातक दवाओं की जंगल सफारी प्रबंधन ने ड्रग कंट्रोलर को क्वार्टरली रिपोर्ट दी है या नहीं, यह जांच का विषय है। रिपोर्ट नहीं देना अपराध की श्रेणी में आता है।



वन्यजीवों को बेहोश करने से लेकर होश में लाने के लिए कालातीत दवाओं का किया जा रहा उपयोग

*आबकारी विभाग ने नहीं दी अनुमति : बारनवापारा से गुरु घासीदास नेशनल पार्क में 40 बायसन शिफ्ट करने का प्लान बना। बायसन को ट्रैंक्यूलाइज करने इथोर्फीन के इस्तेमाल करने रायपुर आबकारी उपायुक्त से अनुमति मांगी गई, जिसे आबकारी उपायुक्त ने खारिज कर दिया। आबकारी उपायुक्त ने कारण बताते हुए कहा कि इथोर्फीन का इस्तेमाल करने का लाइसेंस जंगल सफारी के लिए है। इसीलिए वे किसी दूसरी जगह दवा का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दे सकते।*

#### एक साथ 30 हजार लोगों की हो सकती है मौत

इथोर्फीन इतना घातक है कि उसके एक एमएल दवा से 30 हजार लोगों की मौत हो सकती है। जानकारों के अनुसार नशे के सौदागर इथोर्फीन का इस्तेमाल घातक किस्म के ड्रग बनाने के लिए करते हैं। ब्लैक मार्केट में इथोर्फीन की कीमत लाखों में है।

#### जानकारी मंगाई जा रही

इथोर्फीन के इस्तेमाल करने क्या प्रोटोकॉल है, इसकी जानकारी मंगाई जा रही है। जानकारी मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
- **सतोविशा समाजदार,** सीसीएफ वाइल्ड लाइफ

#### उपयोग जंगल सफारी परिसर में हो सकता है

लायसेंस शर्तों के अनुसार ड्रग का उपयोग सिर्फ जंगल सफारी परिसर में हो सकता है, तब डॉक्टर को ड्रग जंगल सफारी से बाहर असम और दूसरे जिलों में ले जाने का आदेश क्यों दिया गया। वर्ष 2020, 2023 में अतिरिक्त खपत बताई गई शेष दवा कहां गई, इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। - **नितिन सिंघवी,** वन्यजीव प्रेमी

#### स्टॉक में गड़बड़ी करने के आरोप

वर्ष 2019-20 में वन विभाग के पास छत्तीसगढ़ में इथोर्फीन और ऐसे अन्य ड्रग रखने और उपयोग में लाने का कोई लाइसेंस नहीं था। फिर भी दुधावा टाइगर रिज़र्व से और भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून से जनवरी और फरवरी 2020 में 10 मिलीलीटर इथोर्फीन मंगाया गया। इसके बाद फरवरी 2020 में वन विभाग ने असम के मानस टाइगर रिज़र्व में छत्तीसगढ़ लाने के लिए दो वन भैंसे पकड़े। एक वन भैंसे को पकड़ने में अधिकतम 0.8 एमएल इथोर्फीन लगता है। इस प्रकार दो वन भैंसों के लिए कुल 1.6 एमएल दवा की जरूरत थी। स्टॉक रजिस्टर से असम से 2020 में वन भैसा पकड़ने के नाम से 7.8 एमएल इथोर्फीन निकालना बताया गया। इस प्रकार 6.2 एमएल की खपत ज्यादा बताई गई। असम में उपयोग की गई 7.8 एमएल दवा के उपयोग के बारे में बताया गया कि उपयोग की गई औषधि से संबंधित जानकारी मानस टाइगर रिजर्व असम के पास है।

# आईटी सर्वे में 10 कारोबारियों के 236 करोड़ रुपए की अघोषित आय उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- आयकर विभाग ने कारोबारियों को 31 मार्च के पूर्व अग्रिम टैक्स जमा करने कहा

आयकर विभाग ने पिछले 11 महीने में 10 कारोबारियों के यहां सर्वे कर 236 करोड़ रुपए की अघोषित आय उजागर की है। आईटी ने यह कार्रवाई वित्तीय वर्ष 2024-25 में की है। इनमें सराफा, रेलवे ठेकेदार, अस्पताल और कोलवाशरी संचालकों के ठिकाने शामिल हैं।

आयकर अफसरों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक धारा 133 ए के सर्वे की कार्रवाई रायपुर में 5 बिलासपुर में 2, राजनांदगांव, धमतरी और अंबिकापुर के 1-1 कारोबारी ठिकानों में की गई है। उक्त सभी फर्म के संचालक अपनी नियमित आय के साथ ही सर्वे के दौरान मिली अघोषित आय के साथ ही अग्रिम टैक्स जमा करवा रहे हैं। यह सभी कार्रवाई मुख्य आयकर आयुक्त (सीसीआईटी) अपर्णा करण के निर्देश पर की गई है। मुख्य आयकर आयुक्त के अनुसार करदाताओं के समय पर भुगतान को सुगम बनाने के लिए अग्रिम कर भुगतान एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 208 के तहत, यदि किसी व्यक्ति की अनुमानित कर देयता एक वित्तीय वर्ष में 10 हजार रुपए या उससे अधिक होने पर अग्रिम कर का भुगतान करना अनिवार्य है। समय पर इसके जमा करने पर करदाता को धारा 234 बी एवं 234 सी के तहत लगने वाले ब्याज से बचाव होता है।

#### अतिरिक्त देनदारी से बचाव

करदाता अग्रिम कर न जमा करके, स्व-मूल्यांकन कर के रूप में टैक्स का भुगतान करते हैं। यह वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद होता है। 31 मार्च तक किया गया कर भुगतान भी अग्रिम टैक्स के रूप में देने पर करदाता अतिरिक्त ब्याज की देनदारी से बच सकते हैं। स्व मूल्यांकन कर का भुगतान करने से ब्याज देय होता है, जबकि अग्रिम टैक्स समय पर भुगतान करने से यह अतिरिक्त लागत बचाई जा सकती है। करदाताओं से स्व-मूल्यांकन कर के स्थान पर 31 मार्च से पहले ही अग्रिम टैक्स का भुगतान करने कहा गया है। बता दें कि राज्य के सभी करदाता चालू वित्तीय वर्ष में अग्रिम टैक्स का 100 फीसदी भुगतान 31 मार्च तक करने कहा गया है।

# खून से खत लिखेंगे बीएड शिक्षक अब तक रिपोर्ट नहीं सौंप सकी कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- समायोजन की मांग लेकर 97 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं बीएड शिक्षक
- निगम चुनाव के पहले बनी थी कमेटी, अब तक कोई फैसला नहीं

समायोजन की मांग को लेकर पिछले 97 दिनों से तूता धरना स्थल पर बैठे बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक अपने खून से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम पत्र लिखेंगे। प्रदर्शन के 98वें दिन अर्थात 20 मार्च को यह खत लिखा जाएगा। बीएड शिक्षकों का कहना है कि उनके द्वारा कई तरह के प्रदर्शन किए जा चुके हैं। इसके बाद भी सरकार द्वारा अब तक उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया। अपनी पीड़ा से शासन को अवगत कराने के लिए अब खून से खत लिखने का निर्णय लिया गया है। महिला शिक्षक भी इसमें शामिल रहेंगी। इसके पूर्व मुंडन, जलसमाधिक, पैदल मार्च, दंडवत यात्रा सहित कई प्रकार से विरोध-प्रदर्शन किया जा चुका है।

गौरतलब है कि प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षकों के 3 हजार पदों पर बीएड शिक्षकों को नियुक्ति प्रदान की गई थी। बाद में न्यायालय के आदेश के बाद प्राथमिक कक्षाओं में बतौर शिक्षक डीएलएड शिक्षकों को ही नियुक्त करने निर्देश दिए गए। नए निर्देश के बाद नौकरी से निकाले गए बीएड डिग्रीधारी शिक्षक अब समायोजन की मांग कर रहे हैं।



#### डीएलएड शिक्षकों की नियुक्ति प्रारंभ

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जनवरी की शुरुआत में जिला शिक्षा अधिकारियों को खत लिखकर डीएलएड शिक्षकों को नियुक्ति देने आदेश जारी किया गया था। इसके बाद डीएलएड अभ्यर्थियों की मेरिट आधार पर भर्ती सूची जारी की गई। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश दिए जाने के लगभग दो माह पश्चात डीएलएड शिक्षकों की नियुक्ति का दौर प्रारंभ हो गया है। मार्च माह तक यह प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

#### चुनाव के पहले बनी थी कमेटी

बीएड शिक्षकों के उग्र होते प्रदर्शन को देखते हुए शासन ने कमेटी बनाई थी। नगर निगम चुनाव के पहले यह कमेटी बनाई गई थी। कमेटी को शिक्षकों के समायोजन विकल्पों पर विचार करते हुए शासन के समक्ष अपना प्रस्ताव पेश करना था। शिक्षकों की योग्यता, शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की स्थिति के आधार पर समायोजन विकल्प पेश किए जाने थे। कमेटी द्वारा अब तक कोई भी प्रस्ताव पेश नहीं किए जा सके हैं। आंदोलनरत शिक्षकों ने अपने किसी प्रतिनिधि को कमेटी में रखे जाने की भी मांग उस दौरान की थी।

# अप्रैल से नई व्यवस्था के तहत संचालित होंगे ई-रिक्शा, ऑटो

- किस इलाके में कितना ई-रिक्शा, ऑटो की डिमांड, ट्रैफिक पुलिस करा रही सर्वे
- शहर में 22 हजार ऑटो, ई-रिक्शा अलग-अलग मार्गों में संचालित हो रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी की सड़कों को ऑटो के दबाव से मुक्त करने ट्रैफिक पुलिस ऑटो संचालित करने अप्रैल से नई व्यवस्था लागू करने जा रही है। नई व्यवस्था अप्रैल मध्य या माह के अंत में लागू हो सकती है। किस एरिया में कितने यात्रियों का दबाव है और वहां पूरे दिन कितने ऑटो का दबाव रहता है, ट्रैफिक पुलिस इसके लिए सर्वे कराने का काम कर रही है।

ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर के मुताबिक शहर को चार जोन में बांटकर ऑटो संचालित करने प्रस्तावित योजना के तहत ऑटो चालकों से अगले सप्ताह से आवेदन मंगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही ऑटो चालकों के लिए आई कार्ड बनाने के साथ ही किस जोन में कौन सा ऑटो चलाया जाएगा, इसकी पहचान के लिए स्टीकर तैयार कराया जा रहा है। ऑटो चालकों को यूनिक आईडी दिया जाएगा, जिसमें उनके बारे में डिटेल जानकारी होगी।

#### बेतरतीब ऑटो पर लगाम लगने का दावा

ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के मुताबिक वर्तमान में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित शहर के कई ऐसे व्यस्त मार्ग हैं, जहां जरूरत के हिसाब से बेतरतीब तरीके से दो से ढाई गुना ऑटो का जमावाड़ा रहता है। सिस्टम बन जाने के बाद व्यवस्थित तरीके से ऑटो का संचालन होगा। इससे सभी ऑटो वालों को सवारियां मिलेंगी।



#### व्यस्त मार्गों का चयन

ऑटो संचालित करने शहर को चार अलग-अलग जोन में बांटा गया है। अलग-अलग जोन के मार्गों में ऑटो के दबाव के बारे में ट्रैफिक पुलिस के अफसर सर्वे के माध्यम से जानकारी जुटा रहे हैं। इसके बाद जोन में ऑटो के दबाव के आधार पर संबंधित क्षेत्र में जरूरत के हिसाब से ऑटो की संख्या निर्धारित कर ऑटो चालकों को अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी।

#### पहले आओ, पहले पाओ का सिस्टम

अफसर के अनुसार अपने मन पसंद एरिया में ऑटो चलाने के इच्छुक ऑटो चालकों के लिए पहले आओ पहले पाओ का सिस्टम लागू किया जाएगा। इस सिस्टम के अनुसार पसंदीदा जोन में ऑटो चलाने के इच्छुक ऑटो चालक को ट्रैफिक पुलिस में आवेदन करना होगा। पसंदीदा जोन में ऑटो चलाने अनुमति चाहने वाले ऑटो चालक को पहले आवेदन लगाना होगा। तभी उस ऑटो चालक को अपने पसंदीदा जोन में ऑटो चलाने अनुज्ञप्ति मिल पाएगी।

#### प्रक्रिया चल रही

शहर को चार जोन में बांटकर ऑटो संचालित करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए लोगों से सुझाव मंगाए जा रहे हैं। अप्रैल के मध्य तक नई व्यवस्था के तहत ऑटो का संचालन शुरू हो सकता है।
- **सतीश ठाकुर,** ट्रैफिक डीएसपी

## निगम चुनाव में पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर लड़े थे पार्षद पद का चुनाव

# निर्दलीय पार्षद आकाश तिवारी की कांग्रेस में वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बागी होकर पार्षद का चुनाव लड़ने वाले निष्कासित कांग्रेस नेता आकाश तिवारी की पार्टी में वापसी हो गई है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट ने उन्हें फिर कांग्रेस में प्रवेश कराया। इस दौरान पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू मौजूद रहे।

नगर निगम जोन 4 क्षेत्र के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड से नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर आकाश तिवारी ने बागी होकर पार्षद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा। इसमें उन्होंने जीत हासिल की। आज उनकी कांग्रेस में वापसी हुई है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने उन्हें गमछा पहनाकर स्वागत किया। विदित हो, निवृतमान महापौर एजाज ढेबर की परिषद में आकाश तिवारी को पर्यावरण संस्कृति एवं विरासत संरक्षण विभाग का अध्यक्ष बनाते हुए एमआईसी में जगह मिली थी। श्री तिवारी ने अपने वार्ड की जन समस्या को समय-समय पर प्रमुखता से उठाया।



आकाश तिवारी की कांग्रेस में वापसी से अब रायपुर नगर निगम में कांग्रेसी पार्षदों संख्या बढ़कर 8 हो गई है। वहीं शहरी सरकार में निर्दलीय पार्षद सावित्री धीवर के भाजपा में प्रवेश के साथ ही भाजपा पार्षदों की संख्या बढ़कर 61 हो गई है। वहीं अब निर्दलीय पार्षद की संख्या 1 रह गई है। वामनराव लाखे वार्ड के निर्वाचित पार्षद बब्बी सोनकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं।

# राष्ट्रपति 24 को आएंगी, कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 24 मार्च को रायपुर प्रवास पर आएंगी। उनके आगमन व कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कलेक्टर गौरव सिंह बुधवार को राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों का निरीक्षण करने छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंधों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और सभी व्यवस्थाएं तय मानकों के अनुसार पूरी की जाएं।



कलेक्टर ने इस दौरान बैठक की, जिसमें यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रपति अपने प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत विधानसभा सत्र की समाप्ति पर 'विधायकों को उद्बोधन' कार्यक्रम में शामिल होंगी।

## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित सरपंच का हुआ सम्मान

**तेंदूकोना।** ग्राम पंचायत मोंगरापाली (स) से नवनिर्वाचित सरपंच भूमिका विनय साहू को जिला साहू संघ महासमुंद द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, साहू समाज जिला अध्यक्ष धरम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू एवं तहसील परिक्षेत्र के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### योग भवन में होली मिलन कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** दिव्य जीवन संघ द्वारा 21 मार्च शुक्रवार को होली मिलन का आयोजन संध्या 6 बजे से स्वामी शिवानंद योगभवन में रखा गया है। योग भवन में होने वाले इस कार्यक्रम में विशेष बात यह होगी कि रंग गुलाल की जगह होली फूलों से खेली जाएगा। कार्यक्रम में शहर के नागरिक शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी योगाचार्य तारेंद्र चंद्राकर एवं लक्ष्मीनाथ चंद्राकर ने दी।



### अवंतिबाई को दी गई श्रद्धांजलि

**खरोरा।** ग्राम खरोरा में वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पंच त्रिवेणी चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि अवंतिबाई लोधी एक भारतीय महिला जमींदार थीं, जो स्वतंत्रता सेनानी और प्रथम शहीद वीरांगना बनीं थीं 20 मार्च को वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप से मनाया जाता है।

### कन्नौजे सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन 24 को सिरपुर में

**महासमुंद।** कन्नौजे (नाई) सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन राधा मोहन कन्नौजे सेन सेवा समिति मंदिर परिसर सिरपुर में 24 मार्च सोमवार को होगा। वैशाली नगर (भिलाई) विधायक रिकेश सेन मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा करेंगे। विशिष्ट अतिथि खेम कुमार सेन पार्षद नगर निगम रायपुर, प्रहलाद सेन पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष एवं पुष्पा केआर माली सरपंच ग्राम पंचायत सिरपुर उपस्थित होंगे। समाज के प्रांतीय महामंत्री एवं प्रवक्ता टेकराम सेन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अपरान्ह 3 बजे होगा। साथ ही केंद्र एवं 12 क्षेत्रों के पदाधिकारियों का उद्बोधन एवं विचार विमर्श करेंगे। द्वितीय सत्र में शाम 5 बजे अतिथियों के आगमन पश्चात समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जाएगा। उक्त जानकारी महासमुंद क्षेत्राध्यक्ष पुरुषोत्तम सेन ने दी है।

---

**आयोजन : जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन**

# जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला कुसगुर प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत आयोजित जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता 2024-25 न केवल स्वाद और पाक-कला का उत्सव था, बल्कि पोषण और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देने का एक प्रभावी मंच भी साबित हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के पांचों विकासखंडों से दो-दो महिला स्व-सहायता समूहों ने भाग लिया, कुल 10 समूहों ने अपने उत्कृष्ट व्यंजनों के माध्यम से स्वस्थ और संतुलित आहार का संदेश दिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लहंगे और जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने प्रतिभागियों के व्यंजनों का स्वाद चखकर उनकी सराहना की। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मध्यान्ह भोजन भी इसी तरह पौष्टिक और स्वच्छता से भरपूर हो, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो और स्कूल छोड़ने की दर में कमी आए। जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समूहों को कलेक्टर विनय कुमार लहंगे द्वारा पुरस्कृत किया गया। विजेताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शासकीय प्राथमिक शाला कुसगुर को 6000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई, जिसे जय मां सरस्वती महिला स्व-सहायता समूह, कुसगुर ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, पासिद रही, जिसे 4000 रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। इस पुरस्कार को कस्तूरबा महिला स्व-सहायता समूह, पासिद ने प्राप्त किया। इसी तरह, तृतीय स्थान पर स्वामी आत्मानंद स्कूल, सांकरा रहा, जिसे 2000 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस श्रेणी में गाँ शक्ति महिला स्व-सहायता समूह, सांकरा को सम्मानित किया गया। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले समूह अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में महासमुंद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड अधिकारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय विपणन विषय पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विद्यार्थियों में तार्किक और विषय सबन्धित गुणों पर दिया गया जोर

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य परिषद के तत्वावधान में एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए अंतरराष्ट्रीय विपणन विषय पर प्राचार्य करुणा दुबे के निर्देशानुसार व वाणिज्य विभागाध्यक्ष अजय कुमार राजा के मार्गदर्शन में विभागीय सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष, राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक, मनबोध चौहान सहायक प्राध्यापक, मनीषा प्रधान सहायक प्राध्यापक अतिथि व्याख्याता परवीन करीम, योगेश साहू, रोहित ढीमर की उपस्थिति में मां सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रो. अजय कुमार राजा ने कि आज के इस दौर में इस तरह के सेमिनार की उपयोगिता बढ़ती जा रही है, विद्यार्थियों में तार्किक और विषय सबन्धित गुणों के विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस तरह के सेमीनार द्वारा किसी विषय पर गहन चर्चा का अवसर प्राप्त होता है। साथ ही उस विषय की सम्पूर्ण जानकारी एक साथ कई लोगों तक सम्प्रेषित की जा सकती है। राजेश्वरी सोनी व मनबोध चौहान द्वारा छात्रों को अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि सेमिनार देने से आपकी तार्किक क्षमता एवं मनोबल में विकास होता हैं। एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र छात्राओं में अंतरराष्ट्रीय विपणन प्रश्नपत्र के अंतर्गत आयोजित विभागीय सेमीनार में सर्वप्रथम छात्रा रिंकी साहू द्वारा अंतरराष्ट्रीय विपणन के परिचय संबंधित विषय पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में छात्रा रश्मि अग्रवाल, अदिति, विधि सोनी, प्रीति मांझी, मेनिका, पायल, रसप्रीत, निम्मी एवं छात्र श्रेयांश सोनी, तुषार सहित एम काम के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## सराईपाली में महिला जागृति शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

बागबाहरा ब्लाक के तेन्दुकोना सराईपाली में महिला सेक्टर के महिला बाल विकास द्वारा महिला जागृति शिविर का आयोजन कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं जनपद पंचायत सदस्य तारेश्वरी पिलेश्वर पटेल, सरपंच भूमिका विनय साहू, उपसरपंच ईश्वरी ध्रुव थी। कार्यक्रम में अन्नप्राशन, गोदभराई, कुर्सी दौड़, और स्वच्छता महिला जागरूकता का आयोजन रखा गया था।



इस अवसर पर महिला बाल विकास परियोजना पर्यवेक्षक जामिनी बरिहा, पंच संतोषी साहू सरिता तिवारी, बनस विश्वकर्मा, अमित्रा ठाकुर, कायकर्ता-कीतिका महानंद, भुवन ठाकुर, कांति अजगले, प्रेमलता उर्वशी दीवान, साबो नायक, गायत्री, गीता पटेल, प्रणीता, सरोजनी दुबे, पनेश्वरी नायक, दशोदा निषाद, खेलकुंवर, लक्ष्मी ठाकुर, विरानो साहू, हेमलता साहू, राजकुमारी दीवान, दोवान मोतीम साहू आदि मौजूद रहे।

## सभी विकासखंडों में संगठित, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन

**महासमुंद।** शासन के घोषणा अनुरूप जिले में मोबाइल कैंप का आयोजन कर संगठित, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं का आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाना है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इस हेतु जिले के सभी विकासखण्डों में 64 स्थलों पर 19 मार्च से 20 जून 2025 तक मोबाइल कैंप शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम बोरियाझर में 1 अप्रैल को, झालखम्हरिया में 8 अप्रैल, सिरगिड़ी में 16 अप्रैल, कोसरंगी में 21 अप्रैल, जामली में 01 मई, केसवा में 8 मई, पिटियाझर में 16 मई, पतेरापाली में 26 मई, मुड़मार में 2 जून, उमरदा में 9 जून एवं गौरखेड़ा में 16 जून को शिविर का आयोजन होगा। इसी तरह बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम अरंड में 24 मार्च, दारगांव में 27 मार्च, हरनादादर में 4 अप्रैल, खाड़ादरहा में 11 अप्रैल, डोंगरीपाली में 25 अप्रैल, मोहंदी में 29 अप्रैल, जुनवानी में 6 मई, रैताल में 13 मई, गबौद में 21 मई, खुसरूपाली में 29 मई, डोकरीपाली में 5 जून, कोल्दा में 12 जून एव खल्लारी में 19 जून को, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत मुढ़ीपार में 21 मार्च को, गोड़बहाल में 2 अप्रैल, अठारगुड़ी में 9 अप्रैल, किशनपुर में 17 अप्रैल, खैरखुटा में 24 अप्रैल, गोपालपुर में 2 मई, सेपाष में 9 मई, भोकलुडीह में 20 मई, डोंगरीपाली में 28 मई, खुटेरी में 4 जून, कौहाकुड़ा में 11 जून एवं बरतूंगा में 18 जून को शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम दूधीपाली में 26 मार्च को, बिछिया (पो) में 3 अप्रैल, सकरी में 7 अप्रैल, कुरचुंडी में 14 अप्रैल, खेमड़ा में 22 अप्रैल, खटखटी में 28 अप्रैल, छोटेपटनी में 5 मई, रसोड़ा में 7 मई, गढ़पटनी में 14 मई, बरगांव में 19 मई, जमड़ी में 27 मई, भठोरी में 3 जून, बारडोली में 10 जून एवं चिमरकेल में 17 जून तथा सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत चट्टीगिरोला में 28 मार्च, तोषगांव में 10 अप्रैल, कुटेला में 15 अप्रैल, केना में 23 अप्रैल, सिरपुर में 30 अप्रैल, बालसी में 12 मई, सेमलिया में 15 मई, भुथिया में 22 मई, राजाडीह में 30 मई, अन्तर्ला में 6 जून, कनकेवा में 13 जून एवं पैकिन में 20 जून को मोबाईल कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

27 सीजी बटालियन एनसीसी रायपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सौरभ कुमार और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार के निर्देशन में एक दिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन लखौली आरंग के निकट स्थित ग्राम रीवा के पास चंडी माता मंदिर परिसर में स्चच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय महाविद्यालय आरंग और मैट्स विश्वविद्यालय गुल्लू आरंग के लगभग 100 कैडेटों ने स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। साथ ही नुक्कड़ नाटक कर गांव के लोगों को सफ़ाई के प्रति जागरूक किया। स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत को खुले में शौच से मुक्त करना, स्वच्छता को बढ़ावा देना और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।



खुले में शौच से मुक्ति अभियान का प्राथमिक लक्ष्य खुले में शौच की प्रथा को समाप्त करना है, जिसके लिए शौचालयों का निर्माण और उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद, सूबेदार केशव दत्त, गजेंद्र, जगदीश एवं हवलदार दिनेश, सोनम, मन बहादुर आदि उपस्थित रहे।

## श्रमिक कल्याण योजनाओं के तहत 4970 श्रमिकों को 3.03 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता

**महासमुंद।** श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा मिल सके। जिले के श्रम कल्याण अधिकारी डीएल पात्र ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित योजनाओं के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों को लाभ पहुंचाया गया है। इन योजनाओं के तहत श्रमिकों को योजनावार आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने बताया कि जिले में 1 अक्टूबर 2024 से 20 मार्च 2025 तक विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कुल 4970 श्रमिकों को 03 करोड़ 03 लाख 45 हजार से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान कर लाभान्वित किया गया है। विभिन्न योजनाओं के तहत वितरित सहायता राशि जिसमें मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी योजना के तहत 62 लाभार्थियों को 6 लाख 59 हजार 750 रुपए, मिनी माता महतारी योजना के 290 लाभार्थियों को 58 लाख रुपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के 3960 लाभार्थियों को 80 लाख 5 हजार 500 रुपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के 62 लाभार्थियों को 6 लाख 59 हजार 750, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के 123 लाभार्थियों को 24 लाख 60 हजार रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के 34 लाभार्थियों को 34 लाख रुपए और मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के 501 बच्चों को 01 करोड़ 20 हजार रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इन सभी योजनाओं के तहत दी गई आर्थिक सहायता डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में जमा की गई। यह पहल श्रमिकों और उनके परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# सलिहाभांठा में पालक स्नेह सम्मेलन और होली मिलन का आयोजन

## केशव मनीराम लोहार और हितेश दीवान ने दिया न्योता भोज, ग्रामीणों की रही सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में पालक स्नेह सम्मेलन और होली मिलन कार्यक्रम हुआ। इसमें बच्चों के पालकों एवं नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शाला प्रमुख योगेश निर्मलकर ने ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच, पंचों का अभिनंदन किया और सभी पालकों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। सभी से परिचय प्राप्त करते हुए शाला और ग्राम की आवश्यकताओं के अनुसार नियमित सहयोग की इच्छा प्रगट किए। शाला प्रमुख ने बैठक में शाला की ओर से किए जा रहे शैक्षणिक गतिविधियों और बच्चों की शैक्षिक प्रगति को सबके समक्ष रखा साथ ही परीक्षा, ग्रीष्मकालीन योजना, शाला और समुदाय मिलकर बच्चों में अच्छी आदतों का विकास कैसे करें इस पर ध्यानाकर्षण कराया गया। इस पर अभिषेक दीवान ने बच्चों के द्वारा माइक में प्रतिदिन प्रश्न पूछने और सुवाक्य बोलने को सराहा। स्वयं को अभिव्यक्त करने के गुण को सदैव बनाए रखने के लिए गांव से बाहर जाने वाले बच्चों को भी शामिल करने का प्रस्ताव रखा। तिलक साहू और गुलाब ध्रुव ने गांव के बाहर स्कूल जाने वाले बच्चों की नियमितता के लिए पालकों के साथ नियमित चर्चा व बैठकों को करने का प्रस्ताव दिया। युवा हितेश दीवान ने पालकों और पंचायत प्रतिनिधि से शाला को प्रत्येक अवसरों पर सहयोग करने का अनुरोध किए। इस अवसर पर केशव मनीराम लोहार ने शाला मध्याह्न भोजन के लिए केला की सब्जी और हितेश दीवान ने खीर, मीठा देकर बच्चों को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर सरपंच इंद्रा सिन्हा, उपसरपंच रिखी राम दीवान, पंच लक्ष्मी दीवान, पंच पोखन दीवान, पंच धनेश्वरी युवराज ध्रुव, पंच सेवा राम ध्रुव, पिरित राम साहू, शिक्षक धर्मेंद्र ध्रुव, घांसु राम दीवान, दौलत दीवान, खिलेश्वर सिन्हा, तिलक साहू, देवकी सिन्हा, कुसुमलता साहू, हेमलता साहू, प्रेमा दीवान, हीराबाई साहू, गुलाब ध्रुव, भोजराम साहू, योगीराम साहू, संतराम दीवान, हेतराम ध्रुव, पंचराम ध्रुव आदि मौजूद रहे।

बिसनी दीवान, बिंदा बाई ध्रुव




# लोकेश सेन एवं गरिमा परमार रासेयो राज्य स्तरीय शिविर सरगुजा के लिए हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित एवं उच्च शिक्षा विभाग रायपुर छग शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय सात दिवसीय शिविर (आवासीय) का आयोजन संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर की संगठन व्यवस्था में दिनांक 21 मार्च 2025 से 27 मार्च 2025 तक शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय छात्रावास केशवपुर अम्बिकापुर में आयोजित होगा। राज्य स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर डॉ. नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग छग शासन के मार्गदर्शन में आयोजित होगा। इसी तारतम्य में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के दो स्वयंसेवकों का चयन प्राचार्य प्रो करुणा दुबे एवं डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद के मार्गदर्शन व कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा तथा राजेश्वरी सोनी के नेतृत्व में स्वयंसेवक लोकेश सेन एमएससी द्वितीय सेमेस्टर वनस्पतिशास्त्र एवं गरिमा परमार बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर का चयन इस राज्य स्तरीय शिविर के लिए हुआ है। प्राचार्य प्रो करुणा दुबे द्वारा चयनित स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए शिविर में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने को कहा गया। डॉ. मालती तिवारी ने राज्य स्तरीय शिविर में होने वाले मुख्य गतिविधियों की जानकारी देते हुए शुभकामनाएं दी। स्वयंसेवकों का चयन होने पर महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रीता पांडेय, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ आर के अग्रवाल, डॉ ईपी चेलक, सी खलको, डॉ. दुर्गावती भारतीय, डॉ सीमारानी प्रधान, मनीराम धीवर, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी पुरुष इकाई, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई, प्रदीप कन्हेर, मनबोध चौहान, डॉ. अजय कुमार देवांगन, प्रियंका सोनवानी, डॉ प्रियंका चक्रधारी, मनीषा बेहरा, केशरचंद बनपाल, डॉ. रूखमणी साहू, मुकेश साहू, प्रकाशमणि साहू, रोहित ढीमर आदि ने हर्ष जताया है।



## वर्चस्व की लड़ाई के लिए नाबालिगों के गैंग आपस में भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के कविता नगर तथा ब्रिज नगर के नाबालिगों के दो गैंग वर्चस्व की लड़ाई के लिए आपस में भिड़ गए। नाबालिगों के बीच जमकर लात घूंसे चले। इस दौरान ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और नाबालिगों के परिजनों को थाने बुलाकर समझाइश दी।



वायरल वीडियो में एक दर्जन से ज्यादा नाबालिग एक दूसरे के साथ मारपीट करने के साथ कपड़े फाड़ते दिख रहे हैं। इस दौरान कुछ लड़के जमीन पर गिरते पड़ते दिखे। कविता नगर के रहवासियों ने पुलिस के पास लिखित में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आसामाजिक तत्वों की वजह से महिलाओं का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। इस एरिया में लगातार असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। वहां से गुजरने वाली महिलाओं पर बदमाश कमेंट करते हैं, जिससे डर का माहौल बना रहता है।

**पेज 11 के शेष**

### बाइक चोरी का...

आरोपी जगेंद्र यादव के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। आरोपी जगेंद्र यादव जिला धमतरी के रहने वाला है तथा रोजी मजदूरी का काम करता है। रोजी मजदूरी करने के लिए रायपुर आना–जाना करता है। इसी दौरान इसकी जान पहचान दोनों आरोपियों से हुई तथा यह भी दोनों आरोपियों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगा। तीनों आरोपी मिलकर पैसा कमाने के लिए मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे तथा कम दामों में मोटरसाइकिल को बेच देते थे। प्रकरण में तीनों आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर प्रकरण विवेचना जारी है।

### विधायक संदीप ने ...

ने कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए नई औद्योगिक नीति में भी प्रावधान किए गए हैं। इनमें प्रबंधकीय स्तर पर 40 फीसदी, अर्धकुशल स्तर पर 70 फीसदी और अकुशल स्तर पर सौ फीसदी रोजगार देने का प्रावधान है। डिप्टी सीएम ने वृहद, मध्यम स्तर के उद्योगों में स्थानीय युवाओं को उपलब्ध कराए गए रोजगार का ब्यौरा दिया।

## खबर संक्षेप

### खेमलाल बने तरेंगाराज देवांगन समाज के अध्यक्ष



**भाटापारा।** तरेंगाराज देवांगन समाज के मुख्यालय श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण सिंगारपुर में समाज का वार्षिक अधिवेशन हुआ। इसमें तरेंगाराज देवांगन समाज के पूर्व पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने पर नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से खेमलाल देवांगन को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष तोरण देवांगन निपनिया, तुकेश्वर देवांगन मोपर, सचिव सुरेश कुमार देवांगन लेवई, कोषाध्यक्ष गोपाल देवांगन बिटकुली, सह सचिव गोलू देवांगन मल्दी तथा युवा पदाधिकारी विनोद देवांगन बिटकुली, अभय देवांगन तरेंगा, बसंत देवांगन करही बाजार, लिकेश्वर देवांगन सिंगारपुर, राजेन्द्र देवांगन लेवई को नियुक्त किया गया। नये पदाधिकारियों द्वारा समाज में एकता एवं अखंडता बनाए रखने की अपील की गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के प्रदेश प्रवक्ता जनकराम देवांगन अर्जीनवीस, श्रीसुन्दरम वस्त्रालय के संचालक खुशी देवांगन एवं सरस्वती शिशु मंदिर सिंगारपुर के संचालक डोमन देवांगन सहित तरेंगाराज देवांगन समाज के सदस्यगणों ने हर्ष जताया।

### नीतीश को मिली एमबीबीएस की डिग्री



**पलारी।** अंचल के ग्राम गबौद म निवासी ओमप्रकाश मिश्रा बीमा अभिकर्ता व शशि मिश्रा के पुत्र नीतीश मिश्रा को एमबीबीएस की उपाधि पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्व विद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदान की गई। नीतीश मिश्रा के डाक्टर बनने की उपलब्धि पर चाचा, चाची, पूनम कुमार मिश्रा व ममता मिश्रा, बहन नीलिमा मिश्रा व ईशा मिश्रा एवं भाई राहुल मिश्रा सहित मित्रगण, सामाजिकजन व क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### 87 बकायादारों की बिजली काटी

**महासमुंद।** लंबे समय से विद्युत देयकों की अनदेखी करने वाले उपभोक्ताओं की लाइन काटी जा रही है। कार्यपालन यंत्री पीआर वर्मा ने बताया कि टीम गठित कर महासमुंद संभाग के अंतर्गत राजस्व वसूली हेतु महासमुंद ग्रामीण वितरण केंद्र में 18 मार्च को बिजली बिल हेतु लंबित बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं का सामूहिक रूप से लाइन विच्छेदन किया गया। विच्छेदन उपरांत 18 उपभोक्ताओं ने 384190 रूपए भुगतान किया। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### निधन

### रूखमणी यादव



**बलौदाबाजार।** स्थानीय निवासी रूखमणी यादव 75 वर्ष का गत दिनों निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा नगरवासी शामिल हुए। वे सुरेन्द्र तथा संतोष यादव की माता थीं।

# फूलों की होली खेलकर महिलाओं ने मनायी रंग पंचमी, लगाया गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन

रंग पंचमी पर नारी शक्ति संघ भवन परिसर में स्व सहायता समूहों का नेतृत्व करने वाली पंजीकृत संस्था नारी शक्ति महासंघ हिरमी द्वारा हर्ष एवं उल्लास के साथ रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जनपद सदस्य तारिणी राजपूत ने किया। सभी महिलाए अपने घरों से लेकर आए फूलों और गुलालों से आपस में जमकर फूलों की होली खेली व एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंग पंचमी पर्व मनाया।

कार्यक्रम के दौरान हीरामणि दिवाकर, दीपिका पटेल, हिरौंदी, सावित्री साहू द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। आगामी समय में भी इसी प्रकार विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में संध्या यादव, सीमा मसीह, हेमलता साहू, रमा साहू, पिंकी साहू, खिलेश्वरी साहू, राधिका विश्वकर्मा, अनीता, अनुसुइया धीवर, सरिता बंजारे, निर्मला प्रजापति, कुन्ती सिन्हा, संगीता भारती, विभा लहरे, संतोषी, रेवती, हीरा, दुर्गा, कविता, नंदिनी, शांता, उत्तरा, द्रोपती, सोनी साहू, गणेशिया, उमा, लता, कुमारी, जानकी, गंगा, इत्यादि करीब पच्चीस समूहों के अध्यक्ष सचिव एवं काफी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित थीं।

## कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जनपद सदस्य तारिणी राजपूत ने किया



### रिकॉर्डिंग डांस पर महिलाएं जमकर थिरकी

इस दौरान महिलाओं ने गीत संगीत, सुआ, पंथी अन्य रिकॉर्डिंग डांस जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें सभी महिलाएं जमकर थिरकी। इस अवसर पर नारी शक्ति संघ की अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद सदस्य तारिणी राजपूत ने कहा होली और रंग पंचमी का यह महापर्व सामाजिक समरसता का संदेश देता है। हमें आपसी मतभेद भूलाकर एकजूट होकर सभी को उत्सव मनाना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को संगठित रहने कहा, अगर एकता रहेगी तो हम सशक्त रहेंगे, तो हमारा परिवार का विकास होगा। श्रीमती राजपूत ने कहा कि देश में कुछ षड्यंत्रकारी शक्तियां हिंदू समाज को तोड़कर कमजोर करना चाहती है, उनके मंसूबों को नाकाम करना है, सभी जाति और बिरादरी के लोगों को मिलकर श्रेष्ठ भारत का निर्माण करना है।

## कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

# मैदानी अमले से बेहतर समन्वय कर विकास कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की कलेक्टर दीपक सोनी ने समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर जोर देते हुए फिल्ड लेवल के कर्मचारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों में तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता आरआर महिलांगे भी उपस्थित थे।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत, अस्वीकृत, पूर्ण एवं अपूर्ण आवासों की समीक्षा करते हुए कहा कि अब तक 39803 आवास स्वीकृत हुये हैं, स्वीकृति के लिए शेष आवास को पात्र हितग्राहियों को शीघ्र स्वीकृत करें। आवास स्वीकृति में नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें, ताकि केवल पात्र हितग्राही लाभान्वित हो। उन्होंने आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए पीओ मनरेगा एवं तकनीकी सहायकों को निरंतर मॉनिटरिंग करने एवं जरुरी तकनीकी मार्गदर्शन देने तथा आरईएस के सब इंजीनियरों को गुणवत्ता रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि आवास निर्माण में किसी भी अधिकारी–कर्मचारी द्वारा लापरवाही बरतने पर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत कार्य सृजन एवं मानव दिवस सहित अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि मनरेगा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रावधान अनुसार निर्धारित मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध कराएं और आवास को शीघ्र पूरा कराएं। गांव में डबरी निर्माण, अमृत सरोवर, नाली निर्माण, शेड निर्माण आदि कार्य ग्रामसभा से स्वीकृत कराकर बारिश से पहले कार्यों को पूर्ण कराने कहा। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत तरल एवं ठोस अपशिष्ट पदार्थों के निपटान, सामुदायिक शौचालय निर्माण की भी समीक्षा की। इसके साथ ही एनआरएलएम अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु विभिन्न गतिविधियों से जोड़ने तथा लखपति दीदी योजना अंतर्गत लाभ दिलाने के निर्देश दिये। बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आरईएस के एसडीओ, सब इंजीनियर, एनआरएलएम एवं मनरेगा के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, पीओ मनरेगा एवं तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने मनरेगा के कार्य सृजन एवं मानव दिवस सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की




### ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य में प्रगति लाने के लिए वर्तमान समय अनुकूल है

कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य में प्रगति लाने के लिए वर्तमान समय अनुकूल है, जो बारिश के पूर्व तक लगभग साढ़े तीन माह का है। इस अवधि में सभी अपूर्ण निर्माण कार्यों को पूरा करने का भरसक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ भी बेहतर ताल मेल हो। नए पदाधिकारियों को पंचायत राज व्यवस्था, नियमों एवं कार्य की प्रगति से अवगत कराएं। नियमों का पालन करते हुए कार्य करें तथा मितव्ययिता का भी ध्यान रखें।

### कलेक्टर ने दिव्यांग राकेश को दी ट्रायसिकल



बलौदाबाजार। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करने जिला प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को दिव्यांग राकेश कुमार यादव को एक नग ट्रायसिकल प्रदान किया। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि प्रशासन जरूरतमंद नागरिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल से दिव्यांगजनों को अपने दैनिक कार्य सम्पादित करने में सहुलियत होगी। विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत कोड़ापार निवासी दिव्यांग राकेश कुमार यादव ने ट्रायसिकल मिलने पर जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ट्रायसिकल से अब आने – जाने में दिक्कत नहीं होगी और समय भी बचेगा। इस अवसर पर उप संचालक समाज कलयाण अरविंद गेडाम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सचिवों की हड़ताल, पंचायत में कामकाज हुआ ठप



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

छत्तीसगढ़ सरकार के 16 माह हो गए हैं, इसके बाद भी मोदी की गारंटी पूरा नहीं कर सकी, जिससे नाराज सचिव संघ अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने विवश हो गए। सचिव संघ की एक सुत्रीय मांग नियमितीकरण को लेकर प्रांतीय संघ के आह्वान पर 17 मार्च को विधानसभा का घेराव किया, जिसके पश्चात 18 मार्च से समस्त सचिव जनपद मुख्यालय में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं, जिससे पंचायत कार्यालय में ताला लटक गया है। वहीं गांव के विकास कार्य सहित ग्रामीणों को आय, जाति, निवास, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांगता पेंशन और पीएम आवास संबधित काम के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा है।

## जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली शीघ्र होगी डिजिटल

**बलौदाबाजार।** फाइलों का एक टेबल से दूसरे टेबल पर मूवमेंट बीते दिनों की बात होने वाली है। जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली जल्द ही पेपरलेस एवं पूरी तरह से डिजिटल होने जा रही है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला प्रशासन द्वारा ई –ऑफिस प्रणाली अपनाने के लिए किये जा रहे कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने एनआईसी के अधिकारियों को सभी विभागों से आवश्यक जानकारी लेकर 30 मार्च तक सभी कार्यवाही पूरी कर 31 मार्च 2025 से कार्यालयीन कार्य डिजिटल मोड़ मे प्रारम्भ करने के निर्देश दिये।

- कलेक्टर ने ई –ऑफिस प्रणाली के प्रगति की समीक्षा की

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों में ई–ऑफिस प्रणाली लागू करने की कार्रवाई की जा रही है। इस प्रणाली से ऑफिस के दस्तावेज डिजिटल किए जाएंगे। इससे दस्तावेजों को एक से दूसरे ऑफिस भेजने में लगने वाला समय बचेगा। दस्तावेजों में हेर–फेर और गायब होने की आशंका नहीं रहेगी। डिजिटल माध्यम में दस्तावेज सुरक्षित रहेंगे। ई–ऑफिस प्रणाली से फाइल सिस्टम इलेक्ट्रॉनिक मूवमेंट और फाइलों की ट्रैकिंग और डेटा के संग्रह और पुर्नप्राप्ति आसान हो जाएगी।

# पंच की पहल पर खराब हैंडपंप की मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

ग्राम पंचायत टोनाटार में वार्ड 13 का हैंडपंप पिछले दो वर्षों से बंद पड़ा था। हैंडपंप खराब होने की जानकारी वार्डवासियों द्वारा कई बार पंचायत को दी गई, किंतु हैंडपंप सुधारने में किसी भी प्रकार की कोई पहल नहीं किए जाने से वार्डवासियों को पीने का पानी कुआं से लाना पड़ता था। वार्डवासियों को समस्या से निजात दिलाने पंच ओमेश कांत यादव सरपंच विष्णु कोसले और संबंधित विभाग को जानकारी दी। जहां संबंधित विभाग ने पाइप वायसर को बदलकर हैंडपंप को चालू किया। हैंडपंप सुधार कार्य के दौरान रवि वर्मा, राजा यादव, टामन वर्मा, धनेश वर्मा, रतन ध्रुव, केशव वर्मा, प्रीत वर्मा उपस्थित थे।

## अवैध शराब बिक्री बंद कराने की बैठक में हुई मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा क्षेत्र के घासीनगर मोहबा में अवैध शराब बिक्री को बंद कराने को लेकर चल रही बैठक के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि 19 मार्च को गांव में अवैध शराब बिक्री को बंद करने के नाम से सामुदायिक भवन में रात करीबन 8 बजे बैठक हो रही थी।

जिसमें गांव के प्रमुख लोगों एवं ग्रामवासी द्वारा गांव में अवैध शराब बनाने एवं बेचने कोप्रतिबंधित करने का फैसला किया। तभी गांव के दयाराम रात्रे पिता आशाराम रात्रे, प्रेम रात्रे पिता आशाराम रात्रे, गणेश रात्रे पिता आशाराम रात्रे द्वारा पहले गांव में अवैध शराब बनाने एवं बिक्री करने पर रोक नहीं था, अब क्यों रोक लगा रहे हो कहकर विवाद करने लगे। जब प्रार्थी ने देवकुमार साहू समझाइश दी तो तीनों आरोपी दयाराम, प्रेम एवं गणेश रात्रे द्वारा गाली गलौज कर धक्का मुक्की करने लगा, जिसे देख प्रार्थी का भाई लक्ष्मण साहू बीच बचाव करने आया तो तीनों आरोपी लक्ष्मण के साथ मारपीट व गाली गलौज करने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) बागबाहरा उमेश साहू के निर्देशानुसार शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज तहसीलदार बागबाहरा जुगल किशोर पटेल के नेतृत्व में राजस्व विभाग और पुलिस बल की संयुक्त कार्रवाई के तहत बागबाहरा तहसील के खसरा नंबर 49 में घास मद की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। उक्त भूमि पर हीरेंद्र देवांगन सहित अन्य तीन व्यक्तियों द्वारा मकान एवं बाड़ी बनाकर अवैध कब्जा किया गया था। अतिक्रमणकारियों को पूर्व में ही नोटिस दिया गया था, किंतु आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण उस समय कार्रवाई स्थगित कर दी गई थी। 20 मार्च को तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, नगर पालिका अमला तथा राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल की उपस्थिति में इस अतिक्रमण को हटा दिया। एसडीएम उमेश साहू ने बताया कि कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार शासकीय भूमि पर किए गए सभी अतिक्रमणों को हटाने की सतत कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और प्रशासन की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

## आरक्षक से गाली-गलौज, वकील के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

न्यायालय परिसर में वकील द्वारा आरक्षक से अश्लील गाली-गलौज कर धमकी के मामले में कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस डीएसआर के मुताबिक आरक्षक महेंद्र क्षत्रिय थाना तुमगांव में आरक्षक हैं। प्रतिदिन कोर्ट कार्य व डाक वितरण करने वह महासमुंद न्यायालय आता है।

3 जनवरी की दोपहर 3 -सवा 3 बजे न्यायालय परिसर में अधिवक्ता ऋषभ भार्गव ने एक मामले का चालान पेश करने की बात को लेकर आरक्षक से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष के बाहर बरामदा में अश्लील गाली-गलौज देते हुए न्यायालयीन कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया। वकील ने आरक्षक को कोर्ट से बाहर आने पर देख लेने की धमकी भी दी। जिसकी लिखित शिकायत आरक्षक ने पुलिस अधीक्षक से की थी।

## जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं

# मार्च में गर्मी से लोग हुए व्याकुल गांवों में पानी की समस्या गहराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



मार्च महीना के दो सप्ताह ही हुए हैं और अभी से ही गर्मी अपना तांडव दिखाने लगी है। इस भीषण गर्मी में गांवों में पानी की विकराल समस्या है। सबसे ज्यादा समस्या बेजुबान जानवरों की है। ग्रामीणों द्वारा आवेदन और अर्जी विनती के बाद भी नहरों में पानी नहीं छोड़ने के कारण स्थिति और ज्यादा खराब है।

आलम यह है कि अप्रैल-मई में पड़ने वाली गर्मी अभी से पड़ने लगी है। अधिकतम तापमान बढ़कर 38 डिग्री को पार कर गया है। वहीं आगामी दिनों में इसमें और वृद्धि की संभावना जताई गई है। तापमान के चढ़ने का सीधा असर बच्चों एवं बुजुर्गों की सेहत पर दिखाई दे रहा है। परीक्षा के इस दौर में बच्चों के बीमार होने से पालकों को भी काफी परेशान होना पड़ रहा है।

इस बीच मौसम विभाग प्रदेश में इन अवधि में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताते हुए कहा है कि अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। लगातार बढ़ते मरीजों की संख्या को लेकर चिकित्सकों ने लोगों को खासकर बच्चों एवं बुजुर्गों को दोपहर के समय सीधे धूप के संपर्क में आने से बचने की सलाह दी है।



